पूर्व मध्य रेल
(रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ)
पॉचवी मंजिल, सी–ब्लॉक, मौर्यालोक कॉम्पलेक्स,
डाक बंगला रोड, पटना–800001

सूचना सं0ः 32 / 2023 दिनांक 28 / 01 / 2025

CENः RRC–01 / 2019 के अंतर्गत अधिसूचित लेवल–1 के पदों पर 8th औपबंधिक पार्ट पैनल का प्रकाशन।

1. रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के पत्रांकः E(NG)II/2023/RR-1/63 दिनांक 16.12.2024 के आलोक में CENः RRC–01 / 2019 के अंतर्गत लेवल–1 के अधिसूचित पदों पर CBT मेधा क्रम के आधार पर कुल 42 अभ्यर्थियों को औपबंधिक तौर पर पैनलकृत किया गया है।

2. औपबंधिक तौर पर पैनलकृत अभ्यर्थी अपने पद एवं मंडल / यूनिट की जानकारी रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना के आधिकारिक वेबसाईट www.rrcecr.gov.in के Home page पर उपलब्ध लिंक को क्लिक कर देख / प्राप्त कर सकते हैं।

3. नियुक्ति / पदस्थापना हेतु आगे की सभी प्रक्रियाएं संबंधित मंडल / यूनिट द्वारा संपन्न की जायेगी।

4. विभिन्न कारणों से अभी तक जिन अभ्यर्थियों का पैनलीकरण नहीं हो पाया है, से संबंधित सूचना रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना के आधिकारिक वेबसाईट www.rrcecr.gov.in पर उपलब्ध करायी जायेगी।

5. यद्यपि औपबंधिक तौर पर पैनलकृत अभ्यर्थियों के पद एवं मंडल / यूनिट के आबंटन में पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी मानवीय भूल या टंकण भूल के कारण हुई किसी भी त्रुटि को किसी भी स्तर पर सुधारने का अधिकार रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ / पूर्व मध्य रेल के पास सुरक्षित है। रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल असफल रह गये किसी भी अभ्यर्थी के किसी भी पत्राचार को संज्ञान में लेने में खेद के साथ अपनी असमर्थता जाहिर करता है।

6. CEN: RRC–01 / 2019 से संबंधित सभी प्रकार की सूचना रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल के आधिकारिक वेबसाइटःwww.rrcecr.gov.in पर उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि वे निरंतर आधिकारिक वेबसाइटःwww.rrcecr.gov.in का अवलोकन करते रहें।

आवश्यक सावधानीः–
**बेईमान तत्वों से कृपया सावधान रहें और उनके बहकावे में न आएं। रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना की एक मात्र आधिकारिक वेबसाइट www.rrcecr.gov.in पर उपरोक्त भर्ती के संबंध में समय–समय पर सूचनाएं दी जाती है। कृपया किसी अन्य वेबसाइट पर न तो विश्वास करें और न ही उपयोग करें। उम्मीदवारों का चयन पूर्णतः योग्यता के आधार पर किया जाता है।**

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ / पूर्व मध्य रेल